प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत विभिन्न शिवालयों/मंदिरों में जलाभिषेक के दौरान सुरक्षा व्यवस्था आदि का जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा जायजा लिया गया।

आज दिनांक 25.07.2022 को श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के अवसर पर कांवड यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस टीमें अपने-अपने थानाक्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न मन्दिरों प्रमुख मार्गों में सुरक्षा/शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत सतर्क रहीं गठित टीमों द्वारा शिवालयों/मन्दिरों में जलाभिषेक के दृष्टिगत भ्रमण/निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, टीमों द्वारा निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कावंड़ मार्गों को चेक किया गया तथा श्रावण मास का प्रथम सोमवार होने के कारण डियूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि सतर्कता के साथ ड्यूटी करें, निगरानी करे तथा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति/वाहन दिखने पर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराये, साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं कांवड यात्रियों की हर सम्भव सहायता करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## श्रावण मास के द्वितीय सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक/वाहन चेकिंग का विशेष अभियान -

श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस टीमों द्वारा आज दिनांक 25.07.2022 को सोमवार का विशेष बैंक/वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया

अभियान के तहत चेकिंग के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाए रखने,अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानाध्यक्षों/चौकी प्रभारियों द्वारा टीम के माध्यम से पर्याप्त पुलिस बल के साथ बार्डर से लगे बैरियर, अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाली बैंक, एटीएम, वित्तीय प्रतिष्ठानों के आस–पास एवं बैंको के आस-पास संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गयी साथ ही सायरन, सीसीटीवी, इत्यादि को चेक कर ब्रांच मैनेजर व सुरक्षा में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

गठित पुलिस टीमों द्वारा निर्देशित किया गया कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हो ताकि सड़क पर आने जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।





# प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय, महोबा में जनतादर्शन में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक 25.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम सहित क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन के क्रम में दिनांक 25.07.2022 को थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिहं द्वारा गठित टीम टीम उ0नि0 दशमतलाल द्वारा उमरई गेट तिराहा से अभियुक्तगण संजय अहिरवार पुत्र हरिदास उम्र करीब 36 वर्ष 2. छन्नू अहिरवार पुत्र मन्टियाँ उम्र करीब 42 वर्ष निवासी गण ग्राम चमर्रा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक-एक झोले में 16-16 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब ब्राण्ड दिल से नाजायज बरामद होना बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 120/22 व 121/22 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 दशमतलाल थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. का0 योगेन्द्र सिंह थाना महोबकंठ जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. संजय अहिरवार पुत्र श्री हरिदास उम्र करीब 36 वर्ष निवासी ग्राम चमर्रा थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. छन्नू अहिरवार पुत्र श्री मन्टियाँ उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम चमर्रा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

**बरामदगी-** कब्जे से एक-एक झोले में 16-16 अदद क्वार्टर ठेका देशी शराब



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 25.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र धारकों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री सनय कुमार द्वारा तलाश वाँछित वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान अभियुक्त शिवा पुत्र राजू कुचबंधिया उम्र करीब 20 वर्ष निवासी आलमपुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस 315 बोर बरामद करते हुये आलमपुरा कस्बे को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 297/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 सनय कुमार प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली महोबा

2. का0 अरविन्द कुमार पाल

### गिरफ्तार अभियुक्त-

शिवा पुत्र राजू कुचबंधिया उम्र करीब 20 वर्ष निवासी आलमपुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा

**बरामदगी-** 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर



## थाना चरखारी पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.07.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में अभियान के तहत थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक श्री उमापति मिश्र द्वारा गठित टीम उ.नि. प्रवीण कुमार सिंह व का. रामेन्द्र व म0का0 सुशीला देवी द्वारा 02 नफर वारंटी अभियुक्त 1.सुघर सिंह पुत्र दीन दयाल 2.जयदेवी पत्नी सुघर सिंह निवासीगण ग्राम करहरा कला थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा, सम्बन्धित मु.न. 169/18 अ.सं. 151/11 धारा 323/506/324 भा0द0वि0 गिरफ्तार किया गया। वारंटी उपरोक्त को विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.सुघर सिंह पुत्र दीन दयाल 2.जयदेवी पत्नी सुघर सिंह
निवासीगण ग्राम करहरा कला थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ.नि. प्रवीण कुमार सिंह चौकी प्रभारी कस्बा चरखारी जनपद महोबा
2.का.रामेन्द्र कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा
3. म0का0 सुशीला देवी थाना चरखारी जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने 04 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 25.07.2022 को प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री उमेश कुमार के द्वारा गठित संयुक्त टीम विनोद कुमार सिंह व दिनेश कुमार द्वारा कुल 04 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मु0अ0स0 17/2020 धारा 452/354क/504/506 भादवि व 08 पाक्सो एक्ट व 3(1)5,3(1)घ,3(1)w(i),3(2)(5a)SC/ST ACT से सम्बन्धित 1.नरेश ढीमर पुत्र मुन्ना ढ़ीमर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 मछलीमण्डी बेलाताल थाना कुलपहाड़ जिला महोबा को समय करीब 10.30 AM पर गिरफ्तार किया व स्पेशल जज पाक्सो कोर्ट महोबा 42/19 धारा 354क,ख,323/504/506 भादवि व 3(1)द,ध व 3(1)ब1 व धारा 3(2)(va) SC/ST ACT व 08 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 2.पुष्पेन्द्र राजपूत पुत्र छत्रपाल उम्र करीब 30 वर्ष तथा मु0नं0 929/19 धारा 323/504/506 थाना कुलपहाड़ NCR 73/19 से सम्बन्धित वारण्टी 1.छेदालाल पुत्र स्व0 श्री भगवानदास उम्र करीब 56 वर्ष 2.मुकेश राजपूत पुत्र छेदालाल राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जिला महोबा को गिरफ्तार कर सक्षम माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 विनोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी बेलाताल थाना कुलपहाड 2. उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह थाना कुलपहाड 3.कां0 बिपिन कुमार यादव थाना कुलपहाड़ 4. कां0 विकास कुमार 5. कां0 प्रशांक कुमार थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.नरेश ढीमर पुत्र मुन्ना ढ़ीमर उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 मछलीमण्डी बेलाताल थाना कुलपहाड़ जिला महोबा 2.पुष्पेन्द्र राजपूत पुत्र छत्रपाल उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम बिहार थाना कुलपहाड़ जिला महोबा 3. छेदालाल पुत्र स्व0 श्री भगवानदास उम्र करीब 56 वर्ष 4.मुकेश राजपूत पुत्र छेदालाल राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम सुगिरा थाना कुलपहाड़ जिला महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.07.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैंदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।





आज दिनांक 25.07.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में आगामी त्यौहार,श्रावण मास व कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों एंव सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गस्त कर अवैध अतिक्रमण को हटाने के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर 55 ई-चालान किये गये।













महोबा पुलिस